O/C

(26)

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# कार्यालय कलेक्टर, जिला सिंगरौली (म०प्र०)

क्रमांक / 14 /भू–अर्जन / 2019 — सिंगरौली, दिनांक 11/01/2019

प्रति,

1. उपखण्ड अधिकारी,
   चितरंगी
   जिला सिंगरौली (म.प्र.)
2. मुख्य वन संरक्षक
   एवं क्षेत्र संचालक संजय टाईगर
   रिजर्व शिवाजी नगर नौढ़िया जिला सीधी

मुख्य लिपिक
भू अर्जन सिंगरौली
14-1-19

विषय– **ए.पी.एम.डी.सी. के सुलियरी कोल माइन से प्रभावित वन भूमि रकवा 259.239 हे. के बदले क्षतिपूरक वनीकरण हेतु राजस्व विभाग की शासकीय भूमि वन विभाग को अन्तरित करने बावत् ।**

संदर्भ–
1. कम्पनी का पत्र कमांक –49 / भू–अर्जन / 2017 दिनांक–14.07.2017 एवं संशोधित पत्र कमांक–07 / भू–अर्जन / 2018, दिनांक 25.05.2018 एवं पत्र क्र. 168 दिनांक 20.12.2018
2. नायब तह. वृत्त कोरावल तहसील–चितरंगी का पत्र कमांक–37 / प्रवाचक / 2018 दिनांक 04.07.2018
3. इस कार्यालय का पत्र कमांक–287 / भू–अर्जन / 2018 दिनांक 31.07.2018 ।

–000–

**कृपया** संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने का कष्ट करें। कम्पनी के प्रस्ताव के अनुसार इस कार्यालय के पत्र कमांक–287 / भू–अर्जन / 2018 दिनांक 31.07.2018 के द्वारा सुलियरी कोल माईन से प्रभावित वन एवं राजस्व भूमि रकवा–259.239 हे0 बदले क्षतिपूरक वनीकरण हेतु शासकीय राजस्व भूमि उपलब्ध कराने बावत् तहसील–चितरंगी ग्राम–झपरहँवा की भूमि किता–17 रकवा–180.07 हे. एवं ग्राम रकसहट की भूमि किता–18 रकवा 82.87 हे0 कुल किता 35 रकवा 262.94 हे0 के संबंध में समुचित कार्यवाही हेतु मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक संजय टाईगर रिजर्व सीधी जिला–सीधी को पत्र जारी किया गया था।

उक्त पत्र के परिप्रेक्ष्य मे मुख्य वन संरक्षक रीवा एवं क्षेत्र संचालक संजय टाईगर रिजर्व सीधी के द्वारा पत्र कमांक–4727 / मा0चि0 / 2018 दिनांक 09.08.2018 जारी कर अधीक्षक बगदरा अभ्यारण्य सीधी को प्रस्तावित भूमियों को पुराने खसरा के अनुसार सत्यापन कर बिन्दुवार जानकारी चाही गई। अधीक्षक बगदरा अभ्यारण्य के द्वारा पत्र कमांक–608 / 2018 / दिनांक 16.08.2018 जारी कर वन परिक्षेत्राधिकारी बगदरा अभ्यारण्य सीधी को उपरोक्त वस्तु स्थिति की जानकारी भेजने हेतु निर्देशित किया गया है।

अधीक्षक महोदय बगदरा अभ्यारण्य सीधी के पत्र के पालन में इस कार्यालय द्वारा प्रस्तावित वन भूमि रकवा–259.239 हे. के संबध मे पुराने नक्शा एवं खसरा नम्बरो के अधार पर टोपोशीट का मिलान व परीक्षण करने पर पाया गया कि उक्त दोनो ग्रामो की प्रस्तावित भूमियो का अधिकांश भू–भाग पूर्व से वन भूमि के रूप मे वन विभाग के अभिलेंखो मे दर्ज है । इस कारण ग्राम–झपरहवॉ की भूमि किता–15 रकवा 98.54 हे0 एवं ग्राम रकसहट की भूमि

(28)

किता–08 रकवा–38.24 हे0 कुल किता–23 रकवा–136.78 हे0 ही शेष पाई गई है। ऐसी स्थिति मे रकवे की पूर्ति करने के लिए अन्य ग्रामों मे वन भूमि से लगी हुई मध्यप्रदेश शासन के भूमि का पुराने नक्शा व खसरा नम्बरो के अधार पर वन विभाग की टोपोशीट से मिलान करने के पश्चात् भू–खण्डो का चयन कर रकवा की प्रतिपूर्ति किया जाना है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

निरंतर पूर्व पृष्ठ से

| क्रमांक | ग्राम का नाम | किता | रकवा |
|---|---|---|---|
| 1 | झपरहवॉ | 15 | 98.54 |
| 2 | रकसहट | 08 | 38.24 |
| 3 | तिलय | 18 | 48.02 |
| 4 | रमपूरवा | 30 | 42.89 |
| 5 | फुटहडवा | 09 | 21.80 |
| 6 | भुईधरवा | 21 | 29.64 |
| | **योग** | **101** | **279.13** |

उपरोक्तानुसार वनीकरण हेतु प्रस्तावित ग्रामो मे से प्रतिवेदन की गई भूमियों का संयुक्त रूप से सत्यापन प्रतिवेदन उपखण्ड अधिकारी चितरंगी एवं मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक संजय टाईगर रिजर्व सीधी तैयार करते हुये सभी ग्रामों की खसरा सूची, नकल खसरा एवं चिन्हित नक्शा की प्रति के सहित उपलब्ध करांने का कष्ट करे।

अपर कलेक्टर
जिला सिंगरौली (म.प्र.)

पृ. क्रमांक / 15 / भू–अर्जन / 2019
सिंगरौली, दिनांक 11/01/2019

प्रतिलिपिः–

1. वन मण्डलाधिकारी वन मण्डल सिंगरौली जिला सिंगरौली (म.प्र.) की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. तहसीलदार तहसील चितरंगी जिला सिंगरौली (म.प्र.) की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. परियोजना प्रबंधक सुलियरी कोल माइन जिला सिंगरौली (म.प्र.) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

अपर कलेक्टर
जिला सिंगरौली (म.प्र.)

कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व,सीधी (म0प्र0)
शिवाजी नगर, नौढ़िया, जिला–सीधी, 486661, मध्यप्रदेश
दूरभाष नंबर–9425768669
E.mail. fdsajnp.sdh@mp.gov.in, ddsajnp.sdh@mp.gov.in,

O/C

क्रमांक/मा0चि0/2019/3629 सीधी, दिनांक 06/06/2019

प्रति,

कलेक्टर,
जिला–सिंगरौली

विषय :– सुलियारी कोल माइन हेतु वनमण्डल सिंगरौली की प्रभावित वन तथा राजस्व वन भूमि रकवा–259.239 हे0 के बदले क्षतिपूरक वनीकरण हेतु बगदरा अभयारण्य में सम्मिलित 06 राजस्व ग्रामों के आंशिक रकवा 259.239 हे0 भूमि बगदरा अभयारण्य को हस्तान्तरण करने बावत्।

संदर्भ :– 1–आपका पत्र क्रमांक/286/भू.अ./2018 दिनांक 31.07.2018
2–इस कार्यालय का पत्र क्रमांक/मा0चि0/449, दिनांक 22.01.2019
3–अधीक्षक, बगदरा अभयारण्य सीधी का पत्र क्रमांक/428, दिनांक 29.05.2019

–000–

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के तारतम्य में लेख है कि ए0पी0एम0डी0सी0 के सुलियरी कोल माइन हेतु बगदरा अभयारण्य में शामिल राजस्व भूमि किता 79 रकवा 263.83 हे0 का सर्वेक्षण उपरान्त रकवा 259.239 हे0 का संयुक्त निरीक्षण/जांच अधीक्षक, बगदरा अभयारण्य द्वारा दिनांक 27.04.2019 को किया गया। उनके संदर्भित पत्र के माध्यम से प्राप्त निरीक्षण प्रतिवेदन के अनुसार मौके पर भूमि की निम्नानुसार स्थिती पाई गई है :–

1. प्रस्तावित राजस्व वनभूमि समस्त प्रकार के अतिक्रमणों (मकान, नलकूप, हैण्डपम्प, लायन वृक्ष बाउण्ड्री) से मुक्त है। लेकिन यदि कहीं पर मौसमी जुताई की जाती है, तो भूमि अन्तरण के पूर्व उनको हटाया जाना आवश्क होगा।
2. प्रस्तावित खसरे आरक्षित/संरक्षित वनखण्ड के भाग नही है तथा वनखण्ड से लगे हुये है।
3. प्रस्तावित क्षेत्र बगार भूमि है, जो वृक्षारोपण करने के लिये उपयुक्त है।
4. प्रस्तावित भू–खण्ड निस्तार प्रयोजनों के लिये सुरक्षित नही है।
5. प्रस्तावित क्षेत्र राजस्व अभिलेखों एवं मौका पंचनामा अनुसार छोटे–बड़े झाड़ं के जंगल के रूप में दर्ज नही है।
6. प्रस्तावित भू–खण्डों की संरचना तीव्र ढलान बाली, ऊँची, नीची पहाड़ी, पथरीली या चट्टान वाली नही है।
7. प्रस्तावित भू– खण्डों का क्षेत्र 20 हे0 या उससे अधिक का है एवं टुकड़ो मे न होकर एक साथ है।

इस प्रकार अधीक्षक, बगदरा अभयारण्य के जांच प्रतिवेदन अनुसार ए0पी0एम0डी0सी0 के सुलियरी कोल माइन में वनमण्डल सिंगरौली की प्रभावित वन तथा राजस्व वन भूमि रकवा–259.239 हे0 के बदले बगदरा अभयारण्य में शामिल हेतु निम्नानुसार 06 ग्रामों की राजस्व भूमि वृक्षारोपण के लिये उपयुक्त होने के कारण इस विभाग को हस्तान्तरण की जा सकती है। विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र0 | वृत्त का नाम | बीट का नाम | ग्राम का नाम | किता | रकवा हे0 (जॉचनुसार उपलब्ध) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बीछी | झपरहवा | झपरहवा | 04 | 69.119 |
| 02 | बगदरा | कसदा | तिलया | 12 | 45.320 |
| 03 | बगदरा | कसदा | भूर्तिया टोला | 12 | 59.240 |
| 04 | बगदरा | जगमार | रकसहट | 02 | 11.270 |
| 05 | गोपला | गोपला | रमपुरवा | 14 | 51.270 |
| 06 | गोपला | गोपला | भुईधरवा | 15 | 23.020 |
| | | | योगः– | 59 | 259.239 |

प्रतिवेदन अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(मनोज कटारिया)
संयुक्त संचालक,
संजय टाईगर रिजर्व, सीधी (म0प्र0)

E:\2019 DM\Documents_STR Sidhi.docx

07/06/19

कलेक्टर जिला–सिंगरौली (म0प्र0)

पृ0क्रमांक/मा0चि0/2019/ 3630 सीधी, दिनांक 06/06/2019

प्रतिलिपि :–

1–वनमण्डलाधिकारी, वनमण्डल सिंगरौली की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

2–अधीक्षक, बगदरा अभयारण्य सीधी ।

3–परिक्षेत्राधिकारी, बगदरा अभयारण्य सीधी।

4–परियोजना प्रबंधक ए0पी0एम0डी0सी0 के सुलियरी कोल माइन, जिला–सिंगरौली (म0प्र0)।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

संयुक्त संचालक,
संजय टाईगर रिजर्व, सीधी (म0प्र0)

E:\2019 DM\Documents_STR Sidhi.docx